# <u>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैतूल जिला बैतूल (म.प्र.)</u>

## :: <u>विविध आदेश</u> ::

क्रमांक 115 / दो–12–11 / 2014 बैतूल दिनांक 23 / 05 / 2021

कोरोना वायरस (कोविड–19) के बढ़ते प्रसार को दृष्टिगत रखते हुये जिला दण्डाधिकारी बैतूल द्वारा प्रकरण कमांक 0062 / 144 / 2020 / 5087 में पारित आदेश दिनांक 22.05.2021 से राजस्व जिला बैतूल की सम्पूर्ण सीमा में दिनांक 31.05.2021 के प्रातः 06:00 बजे तक कोरोना कर्फ्यू विस्तारित किया गया। माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के सर्कुलर कमांक ए / 113 / जबलपुर दिनांक 15.01.2021 एवं सर्कुलर कमांक ए / 1149 / जबलपुर दिनांक 03.04.2021 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं अफसर जावेद खान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैतूल दिनांक 24.05.2021 से दिनांक 29.05.2021 तक के लिये जिला मुख्यालय बैतूल में स्थित सभी न्यायालयों एवं परिवार न्यायालय बैतूल एवं तहसील मुलताई, भैंसदेही एवं आमला में स्थित सभी न्यायालयों में कार्य के लिए निम्नलिखित विविध आदेश जारी करता हूँ :–

1. जिला मुख्यालय बैतूल में स्थित सभी न्यायालयों में तथा परिवार न्यायालय बैतूल में तथा तहसील मुलताई, भैंसदेही व आमला स्थित सभी न्यायालयों में दिनांक 24.05.2021 से दिनांक 29.05.2021 तक न्यायिक कार्य निलंबित रहेगा। उक्त अवधि में केवल अत्यावश्यक कार्य जैसे, रिमाण्ड, जमानत, सुपुर्दगीनामा, तथा अन्य अत्यावश्यक कार्य केवल वी0 सी0 के माध्यम से दोपहर 03 बजे से शाम 05 बजे तक निम्नलिखित न्यायिक अधिकारी अपने न्यायालय में अपने कर्मचारियों की केवल 50 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये सम्पादित करेंगे।

1. मुख्यालय बैतूल एवं तहसील मुलताई, भैसदेही व आमला

| सरल कमांक | दिनांक | अत्यावश्यक कार्य के लिए उपस्थित रहने वाले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का नाम एवं पद नाम |
|---|---|---|
| 1 | 24,25 एवं 27 मई, 2021 | श्रीमती दीपिका मालवीय, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैतूल। |
| 2 | 28 एवं 29 मई 2021 | श्री राजकुमार गुप्ता, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैतूल के न्यायालय के चतुर्थ अति0 न्यायाधीश, बैतूल। |

2. पक्षकारगण / अभिभाषकगण / जमानत आवेदन / सुपुर्दगी आवेदन एवं अर्जेंट प्रकृति के आवेदन पत्र केवल ई–मेल के माध्यम से ई–मेल आई0डी0 ecourtbetul@gmail.com पर प्रेषित कर सकेंगे और जूनियर सिस्टम एनालिस्ट श्री अमोल बाकरे, ऐसे आवेदन पत्र प्राप्त होने पर तुरन्त संबंधित पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ई–मेल करने अथवा व्ही0सी0 के माध्यम से सुनवाई होने में कोई समस्या उत्पन्न होने पर जूनियर सिस्टम एनालिस्ट श्री अमोल बाकरे के मोबाईल नम्बर 90749–59968 पर तथा श्री रामेश्वर चौरे, डीएसए के मोबाईल नम्बर 81030–83999 पर सम्पर्क करें।

3. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैतूल सम्पूर्ण बैतूल जिले के लिये दिनांक 24.05.2021 से दिनांक 30.05.2021 तक के लिये न्यायिक मजिस्ट्रेट्स प्रथम श्रेणी के स्तर के अधिकारियों की अत्यावश्यक कार्य हेतु ड्यूटी के संबंध में आज ही अविलंब आदेश पारित कर इस कार्यालय को सूचित करेंगे।

4. बैतूल जिले के समस्त न्यायालयो के पीठासीन अधिकारी अपने–अपने न्यायालय में दिनांक 24.05.2021 से 29.05.2021 को नियत प्रकरणों में सुनवाई की आगामी पेशी तारीखें दिनांक 24.05.2021 को ही नियत करेंगे और उसकी सूचना न्यायालय के सूचना पटल पर चस्पा करेंगे तथा उसकी सूचना संबंधित अभिभाषक संघ को प्रेषित करेंगे।

5. जिला मुख्यालय बैतूल एवं तहसील मुख्यालय मुलताई/भैंसदेही/ आमला के विभिन्न अनुभागों में उपरोक्त अवधि में अत्यावश्यक कार्य होने की स्थिति में न्युनतम उपस्थिति में कर्मचारीगण कार्य सम्पादित करेंगे।

6. समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण अपने–अपने घर पर रहेंगे और अपने मोबाईल फोन एक्टिव मोड पर रखेंगे तथा आवश्यकता होने पर आहुत किये जाने पर कर्त्तव्य पर उपस्थित होगें तथा कोविड–19 के संबंध में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार तथा माननीय म0प्र0 उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे।

23-5-21

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)

पृष्ठां. क्रमांक 602 /दो–12–11/2014 बैतूल, दिनांक 23/05/2021

**प्रतिलिपि**–

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कलेक्टर बैतूल, जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. पुलिस अधीक्षक, बैतूल जिला बैतूल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बैतूल।
5. श्री राकेश मोहन प्रधान, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी.एक्ट बैतूल।
6. प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ/अति. अपर जिला न्यायाधीश, बैतूल/मुलताई/भैसदेही श्रीमती दीपका मालवीय/श्री अनुज त्यागी/श्रीमती रेखा आर. चन्द्रवंशी/श्री राजकुमार गुप्ता/श्री ए.के. दंदेलिया/श्री सुशील कुमार जोशी/श्री चित्रेन्द्र सिंह सोलंकी।
7. श्रीमती अनीता खजूरिया, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बैतूल।
8. श्री दीनानाथ वाड़िवा, जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बैतूल।
9. व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–1, बैतूल/मुलताई/भैसदेही/आमला श्रीमती सुनीता ताराम/श्रीमती रंजीताराव सोलंकी/श्रीमती मंजूषा तेकाम/ श्री एन.एस.ताहेड/श्री विनोद अहिरवार।
10. व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2, बैतूल/मुलताई/भैसदेही/आमला।
श्रीमती राधा उईके/श्रीमती कमला गौतम/श्रीमती प्रियंका कुशवाह/श्री अजय कुमार उईके/श्री दीपेन्द्र मालू/सुश्री पूर्वी तिवारी/श्री कौस्तुभ खेड़ा/सुश्री रीना पिपल्या।
11. प्रशिक्षु न्यायाधीश, बैतूल – श्री कृष्णा वोहरा/श्री अभिषेक साहू/श्री अंशुल चन्द्रा/श्री विशाल रिछारिया
12. श्रम न्यायाधीश, श्रम न्यायालय कैम्प बैतूल।
13. प्रस्तुतकार, न्यायालय जिला न्यायाधीश, बैतूल।
14. प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, बैतूल/ मुलताई/ आमला/भैसदेही।

15. प्रभारी अधिकारी, नजारत/ग्रंथालय/मालखाना/पंजीयन/तलवाना /कम्प्यूटर अभिलेखागार/प्रतिलिपि/सांख्यिकीय/लेखाअनुभाग, बैतूल/मुलताई/आमला/भैंसदेही

16. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, बैतूल/मुलताई/आमला/भैंसदेही।

17. अध्यक्ष, कोरोना संक्रमण सुरक्षा कमेटी, बैतूल

18. लोक अभियोजक/अति. लोक अभियोजक/जिला अभियोजन अधिकारी बैतूल/मुलताई/भैंसदेही की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

19. प्रशासनिक अधिकारी/उप प्रशासनिक अधिकारी बैतूल की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

20. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट/असिस्टेंट सिस्टम आफिसर/डी.एस.ए. बैतूल की ओर उक्त विविध आदेश की प्रति संबंधितों के मेल आई.डी. पर प्रेषित किये जाने हेतु।

23.5.21

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बैतूल (म.प्र.)